35

राजस्थान सरकार

सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी, राजस्थान, जयपुर

(E mail : DIR.SOCIALAUDIT@RAJASTHAN.GOV.IN, Tel.2227725)

क्रमांक :– एफ 61(9) SSAAT/संस्थापन/पार्ट फाईल /2020 जयपुर, दिनांक

कार्यालय आदेश

सोसायटी की कार्यकारी समिति की प्रथम बैठक दिनांक 24.02.2020 के निर्णय संख्या 1.5 के क्रम में कार्यालय आदेश क्रमांक एफ 61(5) SSAAT/विविध/2019/7286–7409 दिनांक 04.03.2020 द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी का विभागाध्यक्ष घोषित किया गया हैं।

अतः सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम (GF&AR) के प्रावधानान्तर्गत एवं कार्यकारी समिति (SSAAT) की प्रथम बैठक दिनांक 24.02.2020 की निर्णय संख्या 1.5 की पालनार्थ इस सोसायटी के कार्यालय आदेश क्रमांक एफ 61(9) SSAAT/संस्थापन/2019/1121–28 दिनांक 07.08.2020 द्वारा कार्यालय के कार्य सम्पादन हेतु श्री अजय कुमार गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–प्रथम को (उप निदेशक के पदस्थापन तक) कार्यालयध्यक्ष घोषित किया गया था।

श्री गुप्ता का पदोन्नति पर स्थानान्तरण हो जाने के कारण उनके स्थान पर मैं, रामावतार शर्मा, निदेशक, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी, श्री रक्षपाल सिंह, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम को कार्यालयाध्यक्ष एवं श्री रक्षपाल सिंह, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम वर्तमान आहरण वितरण अधिकारी के स्थान पर श्री प्रदीप काला, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम को आहरण वितरण अधिकारी घोषित करता हूँ।

उपरोक्त अधिकारीगण सोसायटी (SSAAT) की शासी निकाय/कार्यकारी समिति के निर्णयों/दिशा–निर्देशों एवं राज्य सरकार में प्रचलित नियमों के प्रावधानान्तर्गत समस्त आवश्यक कार्यवाही करने के लिये उत्तरदायी होंगे।

कार्यालयाध्यक्ष सोसायटी के कार्यालय का संचालन नियमानुसार सुनिश्चित कराऐंगे और समस्त कार्यालय स्टाफ (अधिकारी/कर्मचारीगण मय संविदा कर्मियों) का समय पालन एवं कर्तव्य पालन पर निगरानी (Supervision) रखेंगे।

आहरण वितरण अधिकारी कार्यालय कार्यो, लेखों, भुगतान कार्यो, भण्डार क्रय व संधारण सम्बन्धी एवं अन्य समस्त कार्यो का नियमानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

श्री रक्षपाल सिंह, सहायक लेखाधिकारी प्रथम एवं श्री प्रदीप काला सहायक लेखाधिकारी प्रथम, लेखाधिकारी, कार्यालयाध्यक्ष एवं आहरण अधिकारी (DDO) के समस्त कार्यो हेतु दोनों एक दूसरे के लिंक अधिकारी रहेंगे। दोनों अधिकारी एक दूसरे की अनुपस्थिति में समस्त कार्यो को करने हेतु अधिकृत होंगे।

(रामावतार शर्मा)
निदेशक
सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं
पारदर्शिता सोसायटी, (SSAAT)
जयपुर, दिनांक 04-12-202

क्रमांक :– एफ 61(9) SSAAT/संस्थापन/पार्ट फाईल /2020/11904

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, सह अध्यक्ष महो. शासी निकाय, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT)
2. निजी सचिव, अति मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सह अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, (SSAAT)
3. निजी सचिव, प्रधान महालेखाकार राजस्थान।
4. निजी सचिव, सचिव ग्रामीण विकास विभाग सह सदस्य सचिव, शासी निकाय (G.B.), SSAAT
5. निजी सचिव, निदेशक SSAAT।
6. सहायक महाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, सचिवालय शाखा जयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. श्री रक्षपाल सिंह सहायक लेखाधिकारी (प्रथम) SSAAT जयपुर।
8. श्री प्रदीप काला सहायक लेखाधिकारी (प्रथम) SSAAT जयपुर।
9. समस्त सहायक लेखाधिकारी प्रथम, द्वितीय, प्रोग्रामर, कनिष्ठ लेखाकार, सूचना सहायक SSAAT ।
10. लेखा शाखा SSAAT ।
11. रक्षित पत्रावली।

(रामावतार शर्मा)
निदेशक